प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 23.05.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

1–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले के तहत आज इंक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे–रायपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने दो सौ संतावन युवाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र।

2–राज्य शासन ने सभी पेट्रोल–डीजल पंपों पर ड्रम, बोतल और जेरीकेन में ईंधन की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई।

3–प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज डायल–एक सौ बारह सेवा के तहत अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई।

4–प्रदेश में आज सबसे अधिक छियालीस डिग्री सेल्सियस तापमान राजनांदगांव में दर्ज किया गया–मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान अट्ठारह जिलों में लू चलने की दी चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**प्रधानमंत्री–रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उन्नीसवें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चुने हुए इंक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि सरकारी नौकरियां, नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

**दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टैक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है। आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है। भारत भी दुनिया के अलग–अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले, उनका सामर्थ्य खिल उठे। साथ–साथ मैं चाहता हूं मेरे देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय देश को 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है।

रोजगार मेला आज देश में सैंतालीस अलग–अलग जगहों पर आयोजित किया गया। रायपुर में यह आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि आज दो सौ संतावन युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि यह केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि भारत को विकसित बनाने की एक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

## क्षेत्रीय सहकारिता कार्यशाला

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा नवा रायपुर में पूर्वी क्षेत्र के छह राज्यों की क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉक्टर आशीष कुमार भूटानी ने की। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि पैक्स समितियों को केवल ऋण वितरण तक सीमित न रखकर बहुउद्देशीय ग्रामीण सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## पेट्रोल/डीजल कीमत

तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में एक बार फिर बढ़ोत्तरी की है। पेट्रोल नवासी पैसे और डीजल छियानवे पैसे महंगा हुआ है। रायपुर में अब पेट्रोल एक सौ पांच रुपये छत्तीस पैसे और डीजल अंठानवे रुपए सैतालीस पैसे प्रतिलीटर मिल रहा है।

इस बीच, राज्य शासन ने सभी पेट्रोल–डीजल पंपों पर ड्रम, बोतल और जेरीकेन में ईंधन की बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी है। हालांकि, रबी–खरीफ सीजन के लिए किसानों, कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित शासकीय निर्माण कार्यों और अस्पताल, मोबाइल टावर जैसी अत्यावष्यक सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इनके लिए अनुविभागीय अधिकारी के परीक्षण के बाद सुरक्षा मानकों के अनुरूप बिक्री की अनुमति होगी।

## डायल–112 सेवा

प्रदेश के विभिन्न जिलों में डायल–एक सौ बारह सेवा के तहत अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही है। आज विभिन्न जिलों में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने इन मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी कड़ी में मुंगेली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर इस वैन को रवाना किया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव वर्चुअली शामिल हुए।

इस मौके पर श्री साव ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह वैन अपराध संबंधी जांच में तेजी लाने के साथ ही साक्ष्य संकलन को अधिक प्रभावी बनाएगी।

## मुख्यमंत्री–लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल राजधानी रायपुर में कचना रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण कर इसे आम जनता को समर्पित किया। साथ ही बाईस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने शंकर नगर–खम्हारडीह–कचना मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे।

## यूपीएससी–परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा कल चौबीस मई को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह नौ बजकर तीस मिनट से ग्यारह बजकर तीस मिनट तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजकर तीस मिनट से चार बजकर तीस मिनट तक होगी। दोनों पालियों में परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले परीक्षा केन्द्र का द्वार बंद कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षार्थियों को फेस स्कैन सिस्टम से गुजरना होगा। चेहरा मैच होने के बाद ही उन्हें परीक्षा केन्द्र के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी।

इस परीक्षा के लिए रायपुर जिले में बाईस केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने परीक्षा केन्द्र के पांच सौ मीटर के दायरे में ध्वनि प्रदूषण और किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकने के निर्देश दिए हैं।

## अंबिकापुर–वॉकथन

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज अंबिकापुर आकाशवाणी केन्द्र द्वारा वॉकथन का आयोजन किया गया, जिसमें आकाशवाणी परिवार के सदस्यों के साथ ही जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वॉकथन आज सुबह आकाशवाणी केन्द्र से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस आकाशवाणी केन्द्र में संपन्न हुआ।

इस मौके पर लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के हर वर्ग तक पहुंच रखने वाला प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम के अंत में आकाशवाणी केन्द्र अंबिकापुर के सहायक निदेशक कार्यक्रम प्रमेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में आकाशवाणी की नब्बे वर्षों की ऐतिहासिक और अनवरत यात्रा को स्मरण किया।

## स्वरोत्सव

आकाषवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाषवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा राजधानी में ''स्वरोत्सव'' संगीत समारोह का आयोजन किया गया। दो सत्रों में हुए इस कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री मदन चौहान ने सुगम संगीत पेष किया। वहीं, श्वेता षिवाले द्वारा उप शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। दोनों ही गायको ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र द्वारा स्वरोत्सव के इस संगीतमयी आयोजन पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

## लोक निर्माण विभाग–निर्देश

लोक निर्माण विभाग ने अपने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से लेकर प्रमुख अभियंता तक सभी को मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए हैं। निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने ये

निर्देश जारी किए हैं। साथ ही, निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर उन्हें हर महीने भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## आईईडी बरामद

दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आज बारसूर थाना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए पांच किलो वजनी प्रेशर कुकर आईईडी को बरामद किया है, जिसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। सुरक्षा बलों की टीम हिड़पाल गांव की पहाड़ी और घने जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी, इसी दौरान यह आईईडी बरामद किया गया।

## मौसम का हाल–

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद सहित प्रदेश के अट्ठारह जिलों में एक–दो स्थानों पर लू चलने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान गर्म हवा चलने और अधिकतम तापमान चवालीस से पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

राजनांदगांव आज सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, दुर्ग में पैंतालीस डिग्री सेल्सियस और रायपुर, माना तथा बिलासपुर का अधिकतम तापमान चवालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

इस बीच, विशेषज्ञों ने लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। विशेषज्ञों ने पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और पूरे शरीर को ढंककर रखने की सलाह दी है। साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने की भी अपील की है।

## समाचार संक्षेप में ...

–केंद्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर चौबीस मई कर दी है।

–अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर बिलासपुर जिले के कोपरा रिजर्वायर परिसर में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

–जांजगीर–चांपा जिले में उनतीस दिन पहले हुए करही गोलीकांड के सिलसिले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्टल बरामद की है। सभी आरोपी करही गांव के ही निवासी हैं।

–बिटकॉइन में निवेश कर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से साढ़े सात लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दुर्ग पुलिस ने एक आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>